चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| Times News Nation | 05.03.25 | -- | -- |

# Honour for HAU VC

**Hisar:** Haryana Agricultural University (HAU) and the Sustainable Agriculture and Resource Management Society he a programme on agricultural sustainability under climate change, during which vice-chancellor B R Kamboj received lifetime achievement award from Germany's International Society for Sustainable Development in Africa and Asia (IFSDA). TNN

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5.03.25 | 2 | 2-8 |

**सम्मान समारोह** • महिला दिवस सप्ताह के तहत एचएयू में कार्यक्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य व खेलों में कार्य करने वाली महिलाओं को मिला सम्मान

# जम्भ शक्ति ट्रस्ट व नारी नारायणी फाउंडेशन ने 101 महिलाओं को सम्मानित किया

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक विज्ञान कॉलेज के सभागार में जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम किया गया।

इसमें राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रहीं जबकि एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि साल के 365 दिन महिलाओं के होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम नारी तू नारायणी के बारे में बताते हुए कहा कि नारी तब तक नारायणी है, जब तक पुरुष नारायण है। जब-जब देश पर मुसीबत आई तो नारी शक्ति हमेशा आगे रही है। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी, समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



महिलाओं को सम्मानित करते सांसद रेखा शर्मा व वीसी प्रो. बीआर कांबोज।

## महिलाओं के उत्थान में परिवार की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी को शिक्षित करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर जम्भ शक्ति ट्रस्ट से विकास गोदारा, विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई उपस्थित रहीं।

## खुद को आत्मनिर्भर करें महिलाएं : मीनू

कार्यक्रम में सम्मान पाने पहुंचीं एडवोकेट मीनू रहेजा ने बताया कि हर दिन महिलाओं का होता है। महिलाओं को सबसे पहले आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। जब महिलाओं को सम्मान मिलता है तो उन्हें उत्साह होता है। डाटा गांव की एवरेस्टर मीनू कालीरामन ने कहा कि महिलाओं को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाएं। अभिभावकों को ध्यान देना होगा। महिलाएं जब काम ठान लेती है तो उसे पूरा करती है। खो-खो वर्ल्ड कप चैंपियन मीनू बिठमड़ा ने बताया कि कोई ऐसी चीज नहीं जिसे हम हासिल नहीं कर सकते।

## कुछ को घर जाकर दिया जाएगा सम्मान

कार्यक्रम में संघर्षशील महिलाओं को सम्मान देने के लिए बुलाया गया था, लेकिन बुलाई गई कई महिलाओं को बिना सम्मान मिले ही वापस खाली हाथ लौटना पड़ा। संयोजक ने कहा जिन महिलाओं को सम्मान नहीं मिला उनको घर जाकर सम्मान दिया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-03-25 | 4 | 2-6 |

# नारी शक्ति मुसीबत में हमेशा रही आगे : रेखा

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह, वीसी ने की अध्यक्षता

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रही जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अध्यक्षता की।

राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि साल के 365 दिन महिलाओं के होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम नारी तू नारायणी के बारे में बताते हुए कहा कि नारी तब तक नारायणी है, जब तक पुरूष नारायण है। जब-जब देश पर मुसीबत आई तो नारी शक्ति हमेशा आगे रही है। हम पिछले कई वर्षो से महिला सशक्तिकरण के बारे में सुनते आ रहे हैं महिला वहीं सशक्त है जो अपना फैसला स्वयं ले सकती है। वह चाहे घर पर काम करने का हो, बाहर जाकर काम करने का हो या फिर पढ़ने का हो। हमारी संस्कृति में महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है।

**सरकार महिला सशक्तिकरण को दे रही बढ़ावा :** उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी, समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की संख्या अधिक होने पर प्रशंसा की। नारी को समाज में समान अधिकार और सम्मान प्रदान करके ही हम एक



सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाएं।




आइसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम मे महिलाओं को पुरस्कृत करतीं राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा • जागरण

### महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका : प्रो. बीआर काम्बोज

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका रही है। देश की प्रगति के लिए सभी को शिक्षित करना बहुत जरूरी है। पीएम नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। तथा कल्पना चावला जैसी महिलाओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

### 101 महिलाओं को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को कार्यक्रम में स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। नर नारी फाउंडेशन से पूनम नागपाल ने पुरस्कृत महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का संचालन जीवन ज्योत कौर, रिंकी व साक्षी ने किया। इस अवसर पर जम्भ शक्ति ट्रस्ट से विकास गोदारा, विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी, डा. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई आदि मौजूद थे।



← हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित

# हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-03-25 | 4 | 1-6 |



महिला को सम्मानित करते एचएयू के वीसी व राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा। संवाद



एचएयू के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। संवाद

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें : रेखा

## एचएयू के सभागार में 101 महिलाओं को नारी तू नारायणी सम्मान से नवाजा

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने कहा कि मुसीबत आने पर नारी अपने रूप को बदलती है और हर परिस्थिति में डटकर खड़ी रहती है। महिला सशक्तीकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं है। आज जरूरत इस बात की है कि महिलाएं अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। भारत की संस्कृति ने हमेशा महिलाओं का सम्मान करना सिखाया है।

वे मंगलवार को एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं।

आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय,एचएयू, जम्भ शक्ति ट्रस्ट व नारी नारायणी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 101 महिलाओं को नारी तू नारायणी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि यह सम्मान समारोह उन सभी महिलाओं को समर्पित है जो अपने-अपने क्षेत्रों में परिश्रम और लगन के साथ काम करते हुए प्रेरणा बन रही हैं।

नारी नारायणी फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम नागपा, जम्भ शक्ति ट्रस्ट के चेयरमैन विकास गोदारा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, खेल, उद्यमिता और सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिमा गुप्ता, वंदना बिश्नोई सहित अन्य अतिथि शामिल रहे।

### इन्हें किया सम्मानित

- ***चिकित्सा क्षेत्र :*** *डॉ. प्रियंका, डॉ. माधुरी मेहता, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. सेमा, डॉ. नम्रता अग्रवाल, डॉ. चारू गुप्ता, डॉ. सुजाता अग्रवाल, मधु सिंह को सम्मानित किया। खेल में एकता भ्याण, मनीषा पायल, रेखा गौतम, मीनू, बिमला देवी, गीतांजलि बंसल, मीनू कालीरामणा, बिमला बिश्नोई को सम्मान मिला।*
- ***शिक्षा क्षेत्र :*** *प्रिंसिपल शैली मेहता, अंजुला दहिया, नीरजा खन्ना, निशी भटनागर, रम्मी गुप्ता, हस्तना अरोड़ा, पुष्पा सिहाग, अनिलता मलिक, रीतू बिश्नोई, शुभम हंस, आरती कुनर,नीरू भाटिया, साक्षी परूथी, शिक्षिका मोनिका ललित, सुषमा रानी,सुनीता कश्यप, रजनी, सीमा दुल, रजनी, आशा शर्मा, ऊषा ठकराल, सुनीता बेनीवाल, रेखा मोर।*
- ***सामाजिक क्षेत्र :*** *बबली जांगड़ा, मुध दीवान, कमल अग्रवाल, निशा शर्मा, आरती, सुनीता रेढ़ू, सुनीला सिंह, भारती मुंजाल, रिंपल मित्तल, संतोष नागपाल, प्रीति सूरी, मोनिका ग्रोवर, भावना ग्रोवर को सम्मानित किया। इसके अलावा मीडिया से अनु सलूजा, प्रतिभा, बबीता, शिवानी सेहरा, साक्षी सोनी, अंकिता को सम्मानित किया गया।*




नृत्य करतीं कलाकार।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 5-03-25 | 4 | 2-5 |

# सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध: रेखा शर्मा



*राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में महिलाओं को पुरस्कृत करते हुए।*

हिसार, 4 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रही जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षता की।

राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि साल के 365 दिन महिलाओं के होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम नारी तू नारायणी के बारे में बताते हुए कहा कि नारी तब तक नारायणी है, जब तक पुरुष नारायण है। जब-जब देश पर मुसीबत आई तो नारी शक्ति हमेशा आगे रही है। हम पिछले कई वर्षों से महिला सशक्तिकरण के बारे में सुनते आ रहे हैं महिला वहीं सशक्त है जो अपना फैसला स्वयं ले सकती हो। वह चाहे घर पर काम करने का हो, बाहर जाकर काम करने का हो या फिर पढ़ने का हो। हमारी संस्कृति में महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है।

## महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका: प्रो. बी.आर. काम्बोज

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होनें कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है।

महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी को शिक्षित करना बहुत जरूरी है। वहीं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

नर नारी फाउंडेशन से पूनम नागपाल ने पुरस्कृत महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और समाज में महिलाओं के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला।

मंच का संचालन जीवन ज्योत कौर, रिंकी व साक्षी ने किया। इस अवसर पर जम्भ शक्ति ट्रस्ट से विकास गोदारा, विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी, विद्यार्थी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 5.03.25 | 12 | 4-8 |

### महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं : सांसद

# उत्कृष्ट काम करने पर 101 महिलाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं द्वारा अपने जीवन से संबंधित स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता पर आधारित है। समाज पर मुसीबत आने पर नारी अपने रूप को बदलती है और हर परिस्थिति में डटकर खड़ी होती है।

यह बात राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने की।




हिसार। उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

## समाज और परिवार उत्थान में महिलाएं अहम

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होनें कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होने बताया कि महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका रही है। नर नारी फाउंडेशन से पूनम नागपाल ने पुरस्कृत महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव, संतोष कुमारी, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी, विद्यार्थी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम के संचालन में संयोजन की भूमिका नारी नारायणी फाउंडेशन की अध्यक्षा पूनम नागपाल और जम्भ शक्ति ट्रस्ट के चेयरमैन विकास गोदारा ने संयुक्त रूप से निभाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 5-03-25 | 5 | 1-4 |

# सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध : रेखा शर्मा

हिसार, 4 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कडी में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रही जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षता की। राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि साल के 365 दिन महिलाओं के होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम नारी तू नारायणी के बारे में बताते हुए कहा कि नारी तब तक नारायणी है, जब तक पुरूष नारायण है। जब-जब देश पर मुसीबत आई तो नारी शक्ति हमेशा आगे रही है। हम पिछ्ले कई वर्षो से महिला सशक्तिकरण के बारे में सुनते आ रहे हैं महिला वहीं सशक्त है जो अपना फैसला स्वयं ले सकती हो। वह चाहे



राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में महिलाओं को पुरस्कृत करते हुए।

घर पर काम करने का हो, बाहर जाकर काम करने का हो या फिर पढ़ने का हो। हमारी संस्कृति में महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। उन्होने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खेलकूद, सुचना प्रोद्योगिकी, समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उंन्होनें विश्वविद्यालय में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की संख्या अधिक होने पर प्रशंसा की। नारी को समाज में समान अधिकार और सम्मान प्रदान करके ही हम एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या बाई तथा कल्पना चावला जैसी महिलाओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेवारी बनती है। एक सशक्त नारी न केवल अपने लिए अपितु अगली पीढ़ी के लिए भी रास्ता बनाती है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नर नारी फाउंडेशन से पूनम नागपाल ने पुरस्कृत महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और समाज में महिलाओं के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन जीवन ज्योत कौर, रिंकी व साक्षी ने किया। इस अवसर पर जम्भ शक्ति ट्रस्ट से विकास गोदारा, विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमति संतोष कुमारी, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी, विद्यार्थी व महिलाएं उपस्थित रही।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 05.03.25 | -- | -- |

# सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्धः सांसद रेखा शर्मा

**कहा-समाज और राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का रहा है महत्वपूर्ण योगदान रहा**



जगमार्ग न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रही जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षता की। राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि साल के 365 दिन महिलाओं के होते है। उन्होंने कार्यक्रम नारी तू नारायणी के बारे में बताते हुए कहा कि नारी तब तक नारायणी है, जब तक पुरुष नारायण है। जब-जब देश पर मुसीबत आई तो नारी शक्ति हमेशा आगे रही है। हम पिछले कई वर्षों से महिला सशक्तिकरण के बारे में सुनते आ रहे हैं महिला वही सशक्त है जो अपना फैसला स्वयं ले सकती हो। वह चाहे घर पर काम करने का हो, बाहर जाकर काम करने का हो या फिर पढ़ने का हो। हमारी संस्कृति में महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खेलकूद, सूचना प्रोद्योगिकी, समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका रही है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 05.03.25 | -- | -- |

# सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्धः सांसद रेखा शर्मा




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कडी में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रही जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षता की। राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि साल के 365 दिन महिलाओं के होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम नारी तू नारायणी के बारे में बताते हुए कहा कि नारी तब तक नारायणी है, जब तक पुरूष नारायण है। जब-जब देश पर मुसीबत आई तो नारी शक्ति हमेशा आगे रही है। हम पिछले कई वर्षो से महिला सशक्तिकरण के बारे में सुनते आ रहे हैं महिला वहीं सशक्त है जो अपना फैसला स्वयं ले सकती हो। वह चाहे घर पर काम करने का हो, बाहर जाकर काम करने का हो या फिर पढने का हो। हमारी संस्कृति में महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। उन्होने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, खेलकूद, सुचना प्रोद्योगिकी, समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिकाः प्रो. बी.आर. काम्बोज**

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उ महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेवारी बनती है। एक सशक्त नारी न केवल अपने लिए अपितु अगली पीढ़ी के लिए भी रास्ता बनाती है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नर नारी फाउंडेशन से पूनम नागपाल ने पुरस्कृत महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया । मंच का संचालन जीवन ज्योत कौर, रिंकी व साक्षी ने किया। इस अवसर पर विकास गोदारा, श्रीमति संतोष कुमारी, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी, विद्यार्थी व महिलाएं उपस्थित रहीं।